### एक नजर में

### शहर के मुख्य मार्गों पर कराया जाए पेंचवर्क

**गुना।** शहर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह गड्ढों से यातायात कठिन व दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने सीएमओ को पत्र लिखकर पुराने एसओआर पर ही डामरीकरण पेंचवर्क कराने की मांग की है। क्योंकि मप्र नगरीय प्रशासन द्वारा गुणवत्ता हीन कार्यों की शिकायतों पर नवीन एसओआर जारी होने तक टेंडर पर रोक लगा दी है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि सड? के गड्ढों से न केवल लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी मंडरा रहा है। इसलिए, डामरीकरण पेंचवर्क का कार्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा है कि यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए गए, तो शहरवासियों के हित में सड? पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### विधिक सेवा प्राधिकरण में मनेगा न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह

**गुना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 9 नवम्बर 25 से 14 नवम्बर 25 प्रदेशभर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जावेगा। इसी तारतम्य में जिला गुना में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला गुना में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत 09 नवम्बर विधि दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ प्रर्दशनी एवं अन्य दिवस में जेल शिविर, श्रमिक बस्ती में शिविर, बालगृह का निरीक्षण, स्कूलों कॉलेजों में पोस्टर, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक, निंबध आदि एवं दिनांक 14 नवम्बर को बाईक रैली का आयोजन किया जावेगा। न्यायोत्सव में अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर्स, अधिकार मित्र, अधिवक्ता न्याय रक्षक, अधिकारी शामिल रह।

# यूनिवर्सिटी में बवाल : विद्यार्थी परिषद और विवि आमने-सामने

## कुलपति कक्ष में टूट-फूट, बेकाबू उग्र प्रदर्शन में कांच टूटा, कर्मचारी हुए घायल

नवभारत न्यूज

**गुना 4 नव. का। क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई जोरदार नारेबाजी और प्रशासनिक भवन में घुसने की कोशिश से माहौल तनावपूर्ण हो गया। ज्ञापन देने पहुंचे परिषद कार्यकर्ताओं और सुरक्षा कर्मचारियों के बीच हुई झूमाझटकी ने विवाद को और बढ़ा दिया।**

इस दौरान कुलपति कक्ष के बाहर स्थित कांच टूट गया और एक कर्मचारी को चोटें आईं। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस घटना के संबंध में एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

घटना दोपहर के समय उस वक्त हुई जब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय में अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे कुलपति को सीधे अपनी बात रखना चाहते थे।

लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार उस समय कुलपति परीक्षा विभाग में मूल्यांकन कार्य में व्यस्त थे।



**कुलपति कक्ष तक पहुंचने का प्रयास और विवाद**


कुलपति को बुलाने की मांग पर सुरक्षा कर्मचारियों ने छात्रों से प्रतीक्षा करने का आग्रह किया, लेकिन इसी बीच कार्यकर्ताओं और सुरक्षा दल के बीच कहा-सुनी शुरू हो गई। आरोप है कि परिषद के कुछ कार्यकर्ता प्रशासनिक भवन में जबरन घुसने का प्रयास करने लगे। रोकने पर धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई, जिसमें कांच का शीशा टूट गया और एक कर्मचारी घायल हो गया। घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार और कैंट थाना पुलिस ने स्थिति को संभाला।

वहीं कार्यालय सहायक विवि प्रशांत दुबे ने बताया कि यह लोग नारेबाजी करते हुए आए। इन्हें हमने रोका कि आप अंदर मत आओ। बाहर ही सर को बुलवाकर ज्ञापन दिलवा देंगे। लेकिन यहां उन्होंने धक्कामुक्की और गाली गलौंच कर जबरन अंदर घुसने का प्रयास किया। इस दौरान आगे से कार्यकर्ता धक्कामुक्की कर घुसने का प्रयास करते रहे।

जिन्हें हम कर्मचारियों ने एक-दूसरे का हाथ पकडकर रैलिंग बनाकर रोके रहे। लेकिन पीछे भी इनके दो-तीन साथी। जिन्होंने हमारे हाथों को नाखूनों से लौंचकर फाड़ दिया। गले से भी चैंट गए। इस दौरान हमने किसी तरह अपने-आपको बचाया। कुछ कार्यकर्ताओं ने आकर कांच तोड़ दिया। इस दौरान दूसरे कांच को तोडने वाले थे लेकिन हम लोग आगे आ गया। बाद में पुलिस बल भी आ गया था।

**यह थी मांगें**

बाद में कुलपति डॉ. किशन यादव ने बाहर आकर ज्ञापन लिया, जिसमें मांगे थी कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं को तत्काल प्रभाव से सुधारा जाए। परिषद ने स्पष्ट कहा कि पुस्तकालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप पुस्तकों की उपलब्धता बेहद कम है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, इसलिए पुस्तकालय में आवश्यक विषयवार पुस्तकें तुरंत बढ़ाई जाएं। साथ ही विश्वविद्यालय में अब तक खेल विभाग का गठन न होने से छात्रों की खेल प्रतिभा दब रही है, इसलिए स्वतंत्र खेल विभाग की स्थापना कर खेल सामग्री और प्रशिक्षक उपलब्ध कराए जाएं। परिषद ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय परिसर हेतु आवंटित भूमि का भूमि पूजन शीघ्र कराया जाए ताकि परिसर निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ सके। कई विषयों में नियमित कक्षाएँ संचालित नहीं हो रहीं, जिससे सत्र प्रभावित हो रहा है, अत- फैकल्टी की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त प्रवेश परीक्षा परिणामों में पाई गई त्रुटियों की उच्च स्तरीय जाँच कर पारदर्शिता स्थापित की जाए ताकि विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय पर भरोसा बना रहे।



### विद्यार्थी परिषद सदस्यों का दावा-हमें बदनाम किया जा रहा है

घटना के बाद विद्यार्थी परिषद ने कहा कि वह शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देने आई थी। संगठन ने प्रशासन पर ही अव्यवस्था और छात्र हितों की अनदेखी के आरोप लगाए। परिषद के विभाग संयोजक आदित्य शाक्य ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद द्वारा ज्ञापन के माध्यम से कुलपति को अवगत कराया गया कि कॉलेज में लायब्रेरी की स्थिति ठीक नहीं है। अनुभवी शिक्षकों की कमी है स्टॉफ बाहर से बुलाया जाता है। बस भी सुचारू रूप से नहीं चल रही है। शिक्षकों द्वारा छात्रों के साथ अभद्रता व्यवहार किया जाता है इसको लेकर विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन करेगा। यदि हमारी मांगें पूरी नहीं होती है तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी जबावदारी विवि प्रशासन होगा। रही तोडफ़ोड़ की बात तो विद्यार्थी परिषद अनुशासित संगठन है, ऐसी गलती तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कर ही नहीं सकते। पुलिस द्वारा धक्कामुक्की की गई थी उसके कारण कांच फूट गया है। हमारे भ्रम फैलाया जा रहा है।

**विवि स्टाफ की प्रतिक्रिया:** वहीं, सुरक्षा कर्मियों और कर्मचारियों ने परिषद के कार्यकर्ताओं पर ही मारपीट और अव्यवस्था फैलाने का आरोप लगाया। विवि के सुरक्षाकर्मी अमित गौर ने बताया कि उन्होंने (परिषद कार्यकर्ता) आते से ही धक्कामुक्की शुरू कर दी है। हम बोल रहे थे कि आपका आवेदन आराम से दिलवा देंगे। लेकिन नारेबाजी करते हुए हम लोगों के साथ धुक्कामुक्की और मारपीट की। जिसमें मेरे शर्ट में लगे परिचय पट्टी की पिन छाती में घुस गई। खुद गुंडागिर्दी कर रहे थे और सर पर पर नेतागिरी और गुंडागिर्दी के आरोप लगा रहे थे।

## गुरुनानक जयंती के पूर्व शहर से निकला भव्य नगर कीर्तन



**गुना।** सिख समाज द्वारा 5 नवंबर को गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व गुना सहित देश भर में मनाया जाएगा। गुरुनानक देव के 557 वां जन्मोत्सव के पूर्व गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के तत्वाधान में मंगलवार दोपहर को नगर कीर्तन निकाला गया। इस नगर कीर्तन में महिलाएं शहर के मुख्य मुख्य मार्गों और गुरुद्वारों के आगे झाड़ लगाकर सफाई का संदेश दिया। वहीं पुरुष नगर कीर्तन निकलने वाले रास्तों पर पानी डाल कर सडकों को धोया। नगर कीर्तन के दौरान गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। गुरुद्वारा के सचिव हरवीर सिंह सूद ने बताया कि जत्थादारों द्वारा नगर-कीर्तन किया गया, जो दोपहर बाद स्थानीय लक्ष्मीगंज स्थित गुरुद्वारे से आरंभ हुआ और शहर के प्रमुख मार्गों से घूमते हुए पुनः गुरुद्वारा पहुंचा। इस दौरान बस में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी विराजमान थी। नगर कीर्तन के दौरान गुरु ग्रंथ साहिब और पंच प्यारों का जगह-जगह पर फूलों की बारिश कर स्वागत-सत्कार किया गया। इस दौरान गुरुद्वारे में रात्रि में रागी जत्था ने सुबह से संगत आरंभ किया। हरवीर सिंह ने बताया कि बुधवार को गुरुद्वारे साहब में विशेष आयोजन किए जाएंगे जिसके बाद लंगर लगा।

## जनसुनवाई में सुनी गईं आमजनों की समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश

**गुना।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 240 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**सुविधाओं, आधार कार्ड का नागरिकों ने लिया लाभ**

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में आज जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया।आज जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

**रेडक्रॉस से दी 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता**

आज आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आवेदिका गायत्री बाई निवासी ग्राम गादेर तहसील चांचौड़ा को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। गायत्री बाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके पति का निधन हो चुका हैं एवं उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने तत्परता से संज्ञान लेते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 10 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर चेक प्रदान किया।

## महिला सांस्कृतिक संगठन का राज्य स्तरीय सम्मेलन 9-10 नवंबर को



**गुना।** ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन द्वारा 9 और 10 नवंबर को गुना में द्वितीय राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। महिलाओं और बच्चियों पर लगातार बढ़ रहे अपराध, नशे के फैलते दायरे और सरकारी नीतियों की विफलता को देखते हुए संगठन ने इसे एक व्यापक आंदोलन के रूप में लेने की घोषणा की है। इसी क्रम में मंगलवार को शास्त्री पार्क में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में बताया गया कि मध्य प्रदेश विधानसभा में दिए गए सरकारी आँकड़ों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से 1 जून 2025 तक प्रदेश में 10,840 दुष्कर्म के मामले दर्ज हुए हैं, जबकि 21,175 महिलाएँ लापता हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्टों में शराब और नशे को महिलाओं पर अपराध बढ़ने का प्रमुख कारण बताया गया है, बावजूद इसके सरकार शराब को बढ़ावा देने वाली नीतियाँ लागू कर रही है, यहाँ तक कि शराब की होम डिलीवरी तक शुरू कर दी गई है। संगठन ने कहा कि शराब नीति, घरेलू हिंसा, नशे में वृद्धि, पॉर्न और अश्लील सामग्री की अनियंत्रित उपलब्धता ने सामाजिक ढांचे को असुरक्षित बना दिया है। कोर्ट में लंबित मामलों, डीएनए रिपोर्टों में देरी और महिला आयोग में पद खाली रहने जैसी स्थितियाँ भी न्याय प्रक्रिया को कमजोर कर रही हैं।

## विधिक साक्षरता शिविर : बच्चों को पॉक्सो एक्ट और सुरक्षा जागरुकता की दी जानकारी

**गुना।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. महावीरपुरा के विवेकानंद सभागार में विधिक सेवा प्राधिकरण जिला गुना द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यालय के भैया-बहिनों ने संगीतमय वंदना प्रस्तुति दी। शिविर में जिला न्यायाधीश सोनाली शर्मा मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने पोक्सो एक्ट तथा बाल अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ होने वाले अपराध किस तरह होते हैं, उनसे बचाव कैसे संभव है और ऐसे मामलों में कानून किस प्रकार सुरक्षा और दंड का प्रावधान करता है। बच्चों को जागरूक और आत्मसुरक्षित रहना सबसे आवश्यक बताया गया। इसके बाद न्यायाधीश वंदना त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ने बच्चों को कानूनी सहायता प्राधिकरण की भूमिका और उससे मिलने वाली निश्शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। मंच पर शैलेन्द्र सिंह बैस प्राचार्य, रीना पाराशर प्रधानाचार्य सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका वर्मा द्वारा किया गया तथा आभार विवेक बाण्डे ने व्यक्त किया।

## परिवार में वात्सल्य और एकजुटता ही भारतीय संस्कृति की मूल पहचान, 5 नवंबर को होगा सहस्रनाम विधान का आयोजन

नवभारत न्यूज

**आरोन।** स्थानीय जैन समाज आरोन एवं चातुर्मास कमेटी के तत्वावधान में चातुर्मास के दौरान विगत चार माह से धार्मिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य वर्धक कार्यक्रमों की निरंतर श्रृंखला नगर में जारी है। मुनि श्री दुर्लभ सागर के मंगल सानिध्य में आयोजित इन कार्यक्रमों में जैन समाज के चारों मंदिरों—बड़ा जैन मंदिर, पार्श्वनाथ छोटा जैन मंदिर, शांतिनाथ मंदिर और महावीर जिनालय के पुजारीगण एवं श्रावक-श्राविकाएं सामूहिक रूप से जिनेन्द्र भगवान की भक्ति कर रहे हैं। गायिका निशी जैन गोंदिया द्वारा प्रतिदिन संगीतमय भक्ति कराई जा रही है। स्थानीय वर्धमान कॉम्पलेक्स में चल रहे आठ दिवसीय सिद्ध चक्र 108 महामंडल विधान में मंगलवार को 512 अर्घ्य समर्पित किए गए। शांतिधारा एवं अभिषेक भी संपन्न हुआ। चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने बताया कि बुधवार को प्रतिष्ठाचार्य राजकिंग भैयाजी अशोकनगर के निर्देशन में सहस्रनाम विधान का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न धार्मिक सेवा, शांतिधारा, पाद प्रक्षालन और भोजनशाला पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य अलग-अलग परिवारों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनिश्री दुर्लभ सागर ने अपने प्रवचन में संयुक्त परिवार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ परिवार वही है, जहां स्वतंत्रता तो हो पर स्वच्छंदता नहीं, प्यार हो पर वैमनस्य नहीं। परिवार के सभी सदस्यों को समान भाव रखना चाहिए, जिससे किसी को उपेक्षित या अलग महसूस न हो।



उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और समाज की मजबूती का आधार भी। इससे व्यापार, जिम्मेदारियों और सामाजिक कार्यों को सहजता से निभाया जा सकता है। अत- परिवार को टूटने न दें, बल्कि एकजुटता के साथ संस्कारों को आगे बढ़ाएं।

### ससुराल में महिला की संदिग्ध मौत : पुलिस बोली- शरीर पर चोट के कई निशान, प्रथम दृष्टया हत्या का मामला

# मायके वालों ने पति पर मारपीट कर हत्या का लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले के म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम कंधई में सोमवार की रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतिका के परिजनों ने उसके पति पर मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतिका की पहचान रेशमबाई भिलाला पति शोरसिंह भिलाला ( 29 ) निवासी कंधई के रूप में हुई है। मंगलवार को जिला अस्पताल में महिला के शव का पीएम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।**

वहीं मामले की जांच हत्या के इंगेल से की जा रही है। मृतिका के भाई कमल सिंह निवासी ऊमरी ने बताया कि बहन की शादी कई वर्षों पूर्व हुई थी, लेकिन लंबे समय से उसके पति द्वारा मारपीट और प्रताडऩा की शिकायतें मिलती रही थीं। उन्होंने बताया कि उसका शोरसिंह आए दिन रेशमबाई के साथ विवाद करता था और कई बार मारपीट कर उसे मायके भेज दिया करता था। चार महीने पूर्व पंचायत के माध्यम से समझौता कर रेशमबाई को पुनः ससुराल भेजा गया था, लेकिन इस दौरान भी विवाद और हिंसा का सिलसिला जारी रहा।



रेशमबाई खटिया पर मृत अवस्था

कमल सिंह ने बताया कि सोमवार रात फिर विवाद हुआ और आरोप है कि शोरसिंह ने उसे कमरे में बंद कर बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। परिजनों को मंगलवार सुबह करीब 7 बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद वे तत्काल कंधई पहुंचे। वहां मिली। परिजनों का कहना है कि उसके शरीर पर स्पष्ट रूप से चोट और मारपीट के निशान दिखाई दे रहे थे, जिससे यह साफ होता है कि उसकी हत्या की गई है। दुखद बात यह भी है कि रेशमबाई चार छोटे बच्चों की मां थी। परिजन सवाल उठा रहे हैं कि घर में अन्य ससुराली सदस्य मौजूद थे, बावजूद इसके किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की। सूचना पर म्याना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध पाया गया है और शरीर पर चोटों के निशान स्पष्ट हैं। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने आरोपी पति पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### कार्रवाई : अवैध मिट्टी खनन एवं परिवहन पर 02 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं खनिज अधिकारी श्री सचिन वर्मा के मार्गदर्शन में रूठियाई क्षेत्र में आकस्मिक भ्रमण किया गया। कार्रवाई में रूठियाई थाना प्रभारी एवं पुलिस बल सहित खनिज विभाग की टीम सम्मिलित रही।भ्रमण के दौरान खनिज से भरे 02 टैक्टर ट्रालियों में अवैध मिट्टी खनन कर विक्रय करने के लिये एवं 01 वाहन ट्रॉला 22 चक्का क्रमांक यूपी 93-4530 में आरोन क्षेत्र प्रोजेक्ट 131 सिंध नदी ग्राम सेपरा की लेकर अन्यत्र क्षेत्र धरनावदा जाते समय लगभग 9 बजे धरनावदा रोड में अवैध परिवहन होना पाए जाने से जब्त कर थाना रूठियाई खड़े कराए गए है।

उक्त वाहनों के प्रकरणों को तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। कार्यवाही में खनिज विभाग से प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, सैनिक हकीम सिंह रघुवंशी, रघुनंदन रघुवंशी, राजीव रघुवंशी और पुलिस थाना बल रूठियाई उपस्थित थे।

## खेत में सिंचाई के दौरान करंट की चपेट में आए किसान और मजदूर, दोनों की मौत

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के लालोनी गांव में खेत में पानी देते समय करंट लग जाने से किसान और मजदूर की मौत हो गई। खेत की तार फेंसिंग में अचानक करंट दौड़ जाने के कारण दोनों व्यक्ति उसकी चपेट में आ गए। घटना का पता शाम को तब चला, जब परिवार वाले भोजन लेकर खेत पहुंचे और दोनों को बेसुध पड़ा देखा। मृतकों की पहचान किसान रामप्रसाद मीणा (70) और मजदूर देवेंद्र सहरिया (30) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार रामप्रसाद अपने खेत में रोज की तरह सिंचाई के लिए निकले थे। उनके साथ गांव का ही रहने वाला देवेंद्र मजदूरी करता था और रोजाना की तरह खेत के काम में हाथ बंटा रहा था। सुबह करीब नौ बजे बिजली आने के बाद दोनों मोटर चलाकर खेत में पानी देने लगे। इस बीच तार फेंसिंग के पास करंट फैल जाने से दोनों अचानक इसकी चपेट में आकर गिर पड़े। करंट का स्रोत संभवत- खेतों में जा रही मोटर लाइनों में किसी खराबी के चलते फेंसिंग तक पहुंचा होगा। परिजनों को दोपहर में जब दोनों से फोन पर संपर्क नहीं हो पाया तो शाम करीब छह बजे खोजबीन शुरू की गई। इसी दौरान पड़ोस के खेत वालों ने दोनों को जमीन पर पड़े देखा और परिवार को सूचना दी। सूचना पर फतेहगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को जिला अस्पताल भेजा गया। दोनों के शरीर पर करंट से जलने के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। पोस्टमार्टम मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में किया गया।

## ऑनलाइन सट्टा खिलाते युवक को पुलिस ने पकड़ा

गुना। शहर की कैंट थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले युवक को पुलिस ने इलाका भ्रमण के दौरान दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुशमौदा चौकी के पास एक युवक लोगों को मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी नीरज छारी पुत्र अशोक छारी निवासी तलैया मोहल्ला कैंट को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से वीवो कंपनी का मोबाइल मिला, जिसमें एजेंट आईडी123311 से ऑनलाइन मैच सट्टे का संचालन किया जा रहा था। यह आईडी उसे कमीशन पर शुभम जैन निवासी कुशमौदा चौकी क्षेत्र से मिलती है, जो उसे सट्टा खिलाने के लिए उपलब्ध कराता है।